# भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों (2013 बैच) का आफरी भ्रमण

भारतीय वन सेवा के 2013 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के 38 सदस्यों के दल ने दिनांक 7 अक्तूबर 2014 शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण कर वानिकी शोध के बारे में जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर आफरी निदेशक श्री एन.के. वासु, भा.व.से. ने सभी प्रशिक्षार्थियों को विषय विशेष में पारंगता हासिल करने एवं नवीन तकनीकी के साथ सामजस्य बनाकर कार्य करने की सलाह दी । श्री वासु ने कहा कि भारतीय वन सेवा में कार्य करना चुनौतीपूर्ण परन्तु आकर्षक एवं रोमांचपूर्ण है । उन्होंने आफरी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न शोध

कार्यक्रमों को बताते हुए वन्य जीवों एवं वानिकी के अपने अनुभवों के बारे में प्रशिक्षार्थियों को जानकारी दी । वासु ने आफरी में चल रहे परियोजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन के बारे में जानकारी भी दी तथा प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया । इसके पश्चात् राजस्थान वन सेवा के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्री जी.एस. भारद्वाज, भा.व.से. ने राजस्थान के पाये जाने वाले वन्य जीवों पर रोचक व्याख्यान प्रस्तुत किया । उन्होंने गोडावण एवं अन्य वन्य प्राणियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर आफरी के समस्त वैज्ञानिकगण व अधिकारीगण उपस्थित थे ।